# कामचोर

Question 1.
एक बड़ा-सा मुर्गा कूद पड़ा, कहाँ ?
(a) खीर के प्याले में
(b) पतीली में
(c) अम्मा के पानदान में
(d) तसले में

▼ Answer

Answer: (c) अम्मा के पानदान में

---

Question 2.
भैंस का दूध दुहने के लिए कितने बच्चे पिल पड़े?
(c) दो
(a) तीन
(b) चार
(d) आठ

▼ Answer

Answer: (b) चार

---

Question 3.
ये लोग कुमुक में नहीं थे
(a) बड़े भाई
(b) मौसियाँ
(c) बहिनें
(d) चाचा

▼ Answer

Answer: (d) चाचा

---

Question 4.
तरकारी वाली तोल-तोल कर रसोइए को क्या दे रही थी ?
(a) भिण्डी
(b) लौकी
(c) प्याज
(d) मटर की फलियाँ

▼ Answer

Answer: (d) मटर की फलियाँ

---

Question 5.
पेड़ों में पानी देने के लिए निम्नलिखित बर्तन नहीं लिया गया-
(a) तसला
(b) जग
(c) भगोना
(d) लोटा

▼ Answer

Answer: (b) जग

---

गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न

(1)

हज्जन माँ एक पलंग पर दुपट्टे से मुँह ढाँके सो रही थीं। उन पर से जो भेड़ें दौड़ी तो न जाने वह सपने में किन महलों की सैर कर रही थीं, दुपट्टे में उलझी हुई | 'मारो-मारो' चीखने लगीं।
इतने में भेड़ें सूप को भूलकर तरकारीवाली की टोकरी पर टूट पड़ीं। वह दालान में बैठी मटर की फलियाँ तोल-तोल कर रसोइए को दे रही थी। वह अपनी तरकारी का बचाव करने के लिए सीना तान कर उठ गई। आपने कभी भेड़ों को मारा होगा, तो अच्छी तरह देखा होगा कि बस, ऐसा लगता है जैसे रुई के तकिए को कूट रहे हों। भेड़ को चोट ही नहीं लगती। बिलकुल यह समझकर कि आप उससे मज़ाक कर रहे हैं। वह आप ही पर चढ़ बैठेगी। ज़रा-सी देर में भेड़ों ने तरकारी छिलकों समेत अपने पेट की कड़ाही में झौंक दी।

Question 1.
हज्जन माँ कैसे सो रही थी ?
(a) घोड़े बेचकर
(b) खर्राटें ले लेकर
(c) दुपट्टे से मुँह ढाँककर
(d) गहरी नींद में

▼ Answer

Answer: (c) दुपट्टे से मुँह ढाँककर।

---

Question 2.
हज्जन माँ मारो-मारो क्यों कहने लगी ?
(a) उसने समझा कि ये बकरियाँ है
(b) उसने समझा कि ये भेडे है
(c) उसने भूत समझा
(d) उसने समझा कि चोर डाकू हैं

▼ Answer

Answer: (d) उसने समझा कि चोर डाकू हैं।

---

Question 3.
दालान में कौन बैठी थी ?
(a) फल वाली
(b) सब्जी वाली

(c) चूड़ियाँ बेचने वाली
(d) बरतन बेचने वाली

▼ Answer

Answer: (b) सब्जी वाली।

---

Question 4.
भेड़ों को पीटने पर कैसा लगता है ?
(a) जैसे रुई के तकिए को पीट रहे है
(b) जैसे पत्थर पर चोट कर रहे हो
(c) जैसे कीचड़ में डंडा मार रहे हो
(d) जैसे धूल में लठ मार रहे हो

▼ Answer

Answer: (a) जैसे रुई के तकिए को पीट रहे है।

---

Question 5.
तरकारी वाली की तरकारी कहाँ गई ?
(a) बिखर गई
(b) सूख गई
(c) लूट ली गई
(d) भेड़ों के पेट में चली गई

▼ Answer

Answer: (d) भेड़ों के पेट में चली गई।

---

(2)

इधर यह प्रलय मची थी, उधर दूसरे बच्चे भी लापरवाह नहीं थे। इतनी बड़ी फौज थी-जिसे रात का खाना न मिलने की धमकी मिल चुकी थी। वे चार भैंसों का दूध दुहने पर जुट गए। धुली-बेधुली बालटी लेकर आठ हाथ चार थनों पर पिल पड़े। भैंस एकदम जैसे चारों पैर जोड़कर उठी और बालटी को लात मारकर दूर जा खड़ी हुई।
तय हुआ कि भैंस की अगाड़ी-पिछाड़ी बाँध दी जाए और फिर काबू में लाकर दूध दुह लिया जाए। बस, झूले की रस्सी उतारकर भैंस के पैर बाँध दिए गए। पिछले दो पैर चाचा जी की चारपाई के पायों से बाँध, अगले दो पैरों को बाँधने की कोशिश जारी थी कि भैंस चौकन्नी को गई। छूटकर जो भागी तो पहले चाचा जी समझे कि शायद कोई सपना देख रहे हैं। फिर जब चारपाई पानी के ड्रम से टकराई और पानी छलककर गिरा तो समझे कि आँधी-तूफान में फँसे हैं। साथ में भूचाल भी आया हुआ है। फिर जल्दी ही उन्हें असली बात का पता चल गया और वह पलंग की दोनों पटियाँ पकड़े, बच्चों को छोड़ देनेवालों को बुरा-भला सुनाने लगे।

Question 1.
रात को खाना न मिलने की धमकी क्यों मिली थी ?
(a) काम न करने पर
(b) काम करने पर
(c) स्कूल न जाने पर
(d) पढ़ाई न करने पर

▼ Answer

Answer: (a) काम न करने पर

---

Question 2.
भैंस ने बालटी को लात क्यों मारी ?
(a) वह दूध नहीं देना चाहती थी
(b) एक साथ कई बच्चे दूध निकालने लगे थे जिसके कारण भैंस बिदक गई
(c) भैंस की आदत ऐसी ही होती है
(d) उसका बच्चा उसके पास नहीं था

▼ Answer

Answer: (b) एक साथ कई बच्चे दूध निकालने लगे थे जिसके कारण भैंस बिदक गई।

---

Question 3.
भैंस के पाँव को किसके साथ बाँधा ?
(a) पेड़ के साथ
(b) खूटे के साथ
(c) चाचा जी की चारपाई के साथ
(d) मकान की दीवार के साथ

▼ Answer

Answer: (c) चाचा जी की चारपाई के साथ।

---

Question 4.
चाचा जी किसको बुरा-भला कह रहे थे ?
(a) बच्चों को
(b) भैंस को
(c) भैस को छोड़ देने वालो को
(d) बच्चों को सजा न देने वालों को

▼ Answer

Answer: (d) बच्चों को सजा न देने वालों को।

---

Question 5.
चाचाजी के उपर जब पानी छलकर गिरा तो उन्हें कैसा लगा।
(a) बहुत अच्छा लगा
(b) बहुत बुरा लगा
(c) उन्हें लगा कि शायद आँधी-तूफान आ गया है
(d) उनको पता ही नहीं चला

▼ Answer

Answer: (c) उन्हें लगा कि शायद आँधी-तूफान आ गया है।

---